दैनिक जागरण 08/11/2025

# वंदे मातरम् राष्ट्रीय अस्मिता का शाश्वत प्रतीक : डा. रोहित



गीत बारे विद्यार्थियों को बताते जीएमएन कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त। • विज्ञप्ति

**अंबाला, विज्ञप्ति :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर भव्य आयोजन किया गया। एनएसएस इकाइयों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् की सामूहिक प्रस्तुति से हुई, जिसके पश्चात छात्रों द्वारा देशभक्ति गीतों और कविताओं पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, यह भारत माता के सम्मान, त्याग, शौर्य और राष्ट्रीय अस्मिता का शाश्वत स्वर है। इस मौके पर एनएसएस अधिकारी डा. पिंकी गुप्ता, डा. चंद्रपाल पूनिया, सहायक प्राध्यापक गीती बिंद्रा, हर्षिता लांबा एवं राजिंदर मीरवाल मौजूद रहे।